आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे।
- 56वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में वियतनाम की फिल्म को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्ड पीकॉक अवॉर्ड।
- चौबीसवें राज्य विद्यालय खेल एवं नौवीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का कल शुभारंभ हुआ।
- महिला सशक्तिकरण राज्य हब द्वारा कल राजकीय मध्य विद्यालय, सिप्पीघाट में 'साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में आज और कल होने वाले अलग–अलग सत्रों की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे।

इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सम्मेलन देश की आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों को हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है जिसमें समस्याओं और चुनौतियों की पहचान करने से लेकर रणनीति और नीतियां बनाने तक शामिल हैं। नक्सलवाद पर श्री शाह ने कहा कि पिछले सात साल में, केंद्र सरकार ने 586 पुलिस स्टेशन बनाकर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इससे नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 2014 में 126 से घटकर आज सिर्फ 11 रह गई है। श्री शाह ने वादा किया कि अगले सम्मेलन से पहले देश नक्सलवाद के खतरे से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन प्रमुख चुनौतियों नक्सलवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद और जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद का स्थायी समाधान दिया है जो देश के लिए एक नासूर बन गए थे।

<><><><><><><>

56वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह गोवा में एक शानदार पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसने दुनिया भर की सिनेमाई प्रतिभाओं को सम्मानित किया, जो इस वर्ष के फिल्म समारोह का एक यादगार समापन रहा। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार वियतनामी फिल्म 'स्किन ऑफ यूथ' को दिया गया, जिसका निर्देशन एशले मेफेयर ने किया था। सिल्वर पीकॉक श्रेणी में, मराठी फिल्म 'गोंधल' के लिए संतोष दवखार ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता। स्पेनिश फिल्म 'ए पोएट' के लिए उबेइमार रिओस को सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि जारा सोफ़िजा ओस्तान को स्लोवेनियाई फिल्म 'लिटिल ट्रबल गर्ल्स' में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेता के रूप में सम्मानित किया गया।

<><><><><><>

अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान वितरित किए गए गणना प्रपत्र 4 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से जमा करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक प्रपत्र जमा न करने पर मतदाता का नाम 9 दिसम्बर को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा। CEO ने कहा कि केवल प्रथम भाग भरकर हस्ताक्षर किया हुआ फॉर्म भी स्वीकार किया जाएगा, बशर्ते वह समय पर BLO को जमा किया जाए। यदि ड्राफ्ट सूची में नाम न हो तो 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक दावे–आपत्तियों की अवधि में फॉर्म–6, फॉर्म–8 के माध्यम से नाम जोड़ने, सुधार कराने या प्रविष्टियों पर आपत्ति दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई की प्रक्रिया चलेगी और 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। उन्होंने किसी भी कठिनाई की स्थिति में मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करने की अपील की है।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से चौबीसवें राज्य विद्यालय खेल एवं नौवीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का कल उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने 'मीट फ्लैग' फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने 'ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी' का अनावरण भी किया। उद्घाटन समारोह में दक्षिण अण्डमान के उपायुक्त अर्जुन शर्मा, शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह सहित शिक्षाविद् एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कार निकोबार की उस टीम का विशेष उल्लेख किया जिसने हाल ही में सुब्रतो कप फुटबॉल में भाग लेकर "फेयर प्ले अवॉर्ड" जीतकर द्वीपसमूह एवं देश का मान बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि द्वीपों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सभी नौ शैक्षणिक जोनों से आए खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की।

<><><><><><><>

महिला सशक्तिकरण राज्य हब द्वारा कल राजकीय मध्य विद्यालय, सिप्पीघाट में 'साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जोखिमों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम दक्षिण अण्डमान के जिला बाल संरक्षण इकाई  के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में लीगल–कम–प्रोबेशन अधिकारी जी. संध्या ने छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने नाबालिगों में सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग और उससे जुड़े जोखिमों–जैसे अनजान लोगों से संपर्क, गलत जानकारी साझा करने और दुरुपयोग की संभावनाआ पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर राज्य अभियान समन्वयक की जेंडर विशेषज्ञ, हेमलता और डॉ. नीतू सिंधु ने भी छात्रों को जागरूक कर अपने विचार रखे। कार्यकम कुल 75 छात्रों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ने कल से सिटी सेंटर कोलकाता में शुरू हुए 9वें ट्रैवल ईस्ट फेयर में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह तीन दिवसीय आयोजन कल तक चलेगा। इसका आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा किया जा रहा है। देशभर के प्रमुख पर्यटन संगठनों एवं उद्योग से जुड़े हितधारकों की उपस्थिति ने इसे पूर्वी भारत का एक महत्वपूर्ण पर्यटन मंच बना दिया है। अंडमान पर्यटन मंडप में द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, साहसिक पर्यटन, समुद्री गतिविधियाँ, संस्कृति, और टिकाऊ पर्यटन की पहल को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। विभिन्न पर्यटन संगठनों द्वारा नए पैकेजों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो बाजार संबंधों को मजबूत कर रहे हैं। पर्यटन विभाग का मानना है कि यह आयोजन अंडमान को घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के बीच अधिक लोकप्रिय बनाएगा। इस आयोजन से आगामी पर्यटन सीजन में यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होगी।

<><><><><><><>

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अण्डमान–निकोबार शाखा कार्यालय में आयोजित "लेखापरीक्षा पाक्षिक" पर कल एक महत्त्वपूर्ण हितधारक बैठक सम्पन्न हुई। ये कार्यक्रम 16 नवम्बर को 'लेखापरीक्षा दिवस' के रूप में शुरू हुआ था। वित्त सचिव अमन गुप्ता बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में

उपस्थित थे। इस दौरान लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में हो रहे आधुनिक बदलाव, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा पारदर्शिता बढ़ाने पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग ने 12 से 17 वर्ष आयु वर्ग के युवा खिलाड़ियों के लिए साइक्लिंग में खेलो इंडिया राज्य स्तरीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रतिभा पहचान कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल विज्ञान, कोचिंग, उपकरण और निगरानी में समर्थन देना है। चयन प्रक्रिया में सामान्य शारीरिक परीक्षण के साथ साइक्लिंग संबंधित विशिष्ट परीक्षण शामिल होंगे। इच्छुक खिलाड़ी कल सुबह 8 बजे साइक्लिंग वेलोड्रोम, नेताजी स्टेडियम, श्री विजय पुरम में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ अपना पंजीकरण करा सकते है।

<><><><><><><>